हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज न0. 67–70, सैक्टर–2, पंचकूला–134151

Website: www.hssc.gov.in

विज्ञापन सं0. 8/2015, कैटेगरी न0. 2,3 व 4 पुलिस भर्ती के लिए

GENERAL INSTRUCTIONS FOR SCRUTINY OF DOCUMENTS-CUM-PHYSICAL MEASUREMENT TEST

1. प्रत्येक उम्मीदवार को हिदायत दी जाती है कि वो दस्तावेजों के साथ अपने रोल नम्बर के Serial Number अनुसार आए । लाईन में लगने के बाद प्रवेश पत्र (Admit Card) तथा फोटो पहचान पत्र की जॉच उपरान्त उम्मीदवार को मुख्य द्वार से प्रवेश की अनुमति दी जायेगी । प्रवेश करने के उपरान्त उम्मीदवार अपने दस्तावेजों की जॉच–पड़ताल हेतु उसके प्रवेश पत्र (Admit Card) पर अंकित कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होगा । कमेटी द्वारा उसके दस्तावेजों की जॉच–पड़ताल की जायेगी और ठीक पाये जाने पर हाजरी (Attendance Sheet) पर हस्ताक्षर एंव अंगूठा अंकित करवाया जायेगा । केवल उन्हीं उम्मीदवारों को PMT हेतु आगे भेजा जाएगा जिनके दस्तावेज जॉच–पड़ताल में सही पाए जाएंगे ।
2. दस्तावेजों की जॉच–पड़ताल केवल उन्हीं उम्मीदवारों की की जाएगी जिन उम्मीदवारों का रोल नम्बर दिनांक 19 सितम्बर, 2016 को आयोग द्वारा प्रकाशित किये गए परिणाम में दर्शाया गया है । यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार विज्ञापन की अंतिम तिथि को निर्धारित योग्यता की शर्त पूर्ण नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जायेगी ।
3. उम्मीदवार Documentation के समय अपने साथ प्रवेश पत्र (Admit Card), एक फोटो पहचान पत्र तथा अपनी शैक्षिणिक योग्यता से सम्बन्धित सभी मूल दस्तावेज (जिसका उसने अपने ऑन–लाईन आवेदन फार्म में विवरण दिया है) तथा उनकी एक स्वंय सत्यापित फोटो प्रति तथा डाउनलोडिड आवेदन फार्म लेकर आए । उम्मीदवार प्रवेश पत्र (Admit Card) पर लिखी हुई शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ कर नीचे अपने हस्ताक्षर करे । उम्मीदवार के केवल वो document मान्य होंगे जिन documents का उसने अपने ऑन–लाईन आवेदन फार्म में विवरण दिया है ।
4. PHYSICAL MEASUREMENT TEST हेतु विज्ञापन की शर्तों के अनुसार योग्य उम्मीदवार बायोमैट्रिक हाजरी (Attendance) लगवायेगा, इसके पश्चात् उम्मीदवार को बिब न0. (Bib No.) जारी किया जायेगा तथा इसके बाद उम्मीदवार की वीडीयोग्राफी की जायेगी । वीडीयोग्राफी के उपरांत उम्मीदवार PHYSICAL MEASUREMENT के लिए निश्चित कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होगा और उसकी PHYSICAL MEASUREMENT INSTRUMENT द्वारा की जायेगी और PHYSICAL MEASUREMENT का डाटा Screen पर डिसप्ले (Display) होगा तथा उम्मीदवार के उसके MEASUREMENT SLIP पर हस्ताक्षर करवाये जायेंगे । अगर किसी उम्मीदवार को PHYSICAL MEASUREMENT TEST प्रक्रिया में कोई आपत्ति है तो वह मौके पर तुरन्त अपनी आपत्ति लिखित में दर्ज करवायेगा तथा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई संज्ञान नहीं लिया जायेगा ।
5. प्रत्येक उम्मीदवार Documentation और PHYSICAL MEASUREMENT देने के पश्चात अपना प्रवेश पत्र (Admit Card) तथा Slip, D-Registration Counter पर जमा करवायेगा और बायोमैट्रिक मशीन पर अंगूठा लगायेगा । यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त प्रक्रिया में कोई चूक करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी

जायेगी । उम्मीद्वार अपने प्रवेश पत्र (Admit Card) की फोटो कॉपी पहले ही अपने पास रख ले ताकि समय पर काम आये ।

6. उम्मीद्वार Scrutiny of documents and Physical Measurement Test में अपनी स्वेच्छा से भाग लेगा तथा इसके दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति (शारीरिक एंव मानसिक) के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा ।

7. PHYSICAL MEASUREMENT TEST में किसी भी प्रकार के उत्तेजक/मादक/प्रतिबंधित दवाओं का सेवन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है । अगर कोई उम्मीद्वार ऐसी किसी दवा का सेवन किया पाया गया अथवा उसके पास उपरोक्त पदार्थ पाए गए तो उसकी उम्मीद्वारी रद्द की जाएगी और उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

8. कोई भी उम्मीद्वार किसी प्रकार की अनुशासनहीनता नहीं करेगा । अगर ऐसा करता पाया गया तो उसकी उम्मीद्वारी रद्द कर दी जाएगी ।

9. भर्ती स्थल पर मोबाईल फोन, कोई अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण व अन्य सामान ले जाना वर्जित है ।

10. PHYSICAL MEASUREMENT TEST हरियाणा सरकार, गृह विभाग की नोटिफिकेशन न0. एस0. ओ0. 133/एच0.ए0.25/2008/एस0.92/2016, दिनांक 18 जून, 2015 व सम्बन्धित विज्ञापन एंव हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के नियमों एंव हिदायतें के अनुसार की जा रही है ।

PMT – Height (Advantage Score)

Height in Centimeters		Marks
Male	**Female**	
172 General Category	**160 General Category**	**10**
169 to 172 For eligible reserve categories as per latest existing Government Reservation Policy	**157 to 160** For eligible reserve category as per latest existing Government Reservation Policy.	
175	**163**	**11**
178	**166**	**12**
181	**169**	**13**
184	**172**	**14**
187 and above	**173 and above**	**15**

11. हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उपरोक्त एंव समय–समय पर दी गई हिदायतों का पालन करने के लिए हर उम्मीद्वार बाध्य होगा तथा उन का पालन न करने पर उम्मीद्वार की उम्मीद्वारी रद्द कर दी जाएगी ।

दिनांक :– 24 सितम्बर, 2016

हस्ता/–
सचिव,
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला ।